Regarding the issue of LPG Cylinder blasts

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): सभापति महोदय, मैं सदन का ध्यान एलपीजी सिलेंडर विस्फोट की घटनाओं में हो रही वृद्धि की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूं। हम सभी जानते हैं कि स्वच्छ ईंधन, बेहतर जीवन की सोच के साथ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने ?प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना? की शुरूआत की थी, जिसके माध्यम से अब तक 9 करोड़ 60 लाख परिवारों, विशेषकर गरीबी रेखा के नीचे रह रहीं महिलाओं को रियायती दर पर एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। इस योजना की देन है कि आज देश में ग्रामीण क्षेत्रों में भी एलपीजी उपयोगकर्ता की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। परन्तु, सुरक्षा संबंधी जानकारी एवं जागरूकता के अभाव में आज बिहार सहित पूरे देश में एलपीजी सिलेंडर विस्फोट की घटनाओं में भी काफी ज्यादा वृद्धि हुई है, जो चिंता की बात है।

कई बार गैस कंपनियों या डीलरों द्वारा एक्सपायरी डेट पार कर चुके सिलेंडरों की भी आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्रों में की जाती है, जिसके बारे में अधिकतर ग्राहकों को पता ही नहीं होता है। गैस लीकेज के कारण आए दिन कहीं न कहीं सिलेंडर विस्फोट की सूचना मिलती ही रहती है। अभी हाल ही में बिहार के चंपारण क्षेत्र में एलपीजी सिलेंडर विस्फोट में लगभग 70 लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए थे, जिनमें कई लोगों को अपनी जान भी गंवानी पड़ी थी।

यह भी देखा गया है कि ऐसी घटनाओं के बाद जिम्मेदार कंपनी या डीलर द्वारा पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने में भी काफी देर की जाती है। अतः मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करती हूं कि देश में एलपीजी सिलेंडर विस्फोट की घटनाओं में हो रही वृद्धि की रोकथाम के लिए ठोस उपाए किए जाएं। इसके साथ ही एलपीजी सुरक्षात्मक उपयोग के बारे में देश के ग्रामीण क्षेत्रों में गैस कंपनियों तथा डीलरों द्वारा समय-समय पर जागरुकता अभियान भी सुनिश्चित कराया जाए।